Ans. (d) – 'राजस्थान की राजधानी जयपुर में नाहरगढ़ किले के माधवेन्द्र पैलेस में 'स्कल्पचर पार्क' स्थित है। यह देश का पहला स्कल्पचर पार्क है।

1141. प्रसिद्ध 'बाटाडू कुआँ' राजस्थान के निम्न में से किस जिले में स्थित है?

(a) बाड़मेर (b) जयपुर
(c) भरतपुर (d) दौसा

Complier Exam -21.08.2016
LDC Exam 09.09.2018

Ans. (a) – प्रसिद्ध 'बाटाडू कुआँ' राजस्थान के बाड़मेर जिले में स्थित। संगमरमर से निर्मित इस कुएँ का निर्माण रावल गुलाब सिंह द्वारा किया गया था। इसे 'रेगिस्तान का जलमहल' भी कहते हैं।

1142. पर्यटन स्थल अचलगढ़ किस जिले में स्थित है?

(a) उदयपुर में (b) सिरोही में
(c) राजसमंद में (d) चित्तौढ़गढ़ में

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020
कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक)-2019

Ans. (b) – राजस्थान का पर्यटन स्थल ''अचलगढ़'' सिरोही जिले में अवस्थित है। अचलगढ़ किले का निर्माण 1452ई.में परमार वंश के शासकों द्वारा करवाया गया था।

अरावली पहाड़ियों में स्थित ''माउंट आबू हिल स्टेशन'' भी राजस्थान के सिरोही जिले में स्थित है। इसकी सर्वोच्च चोटी गुरु शिखर है।

1143. केन्द्र सरकार के भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग ने किस मंदिर को राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित किया है?

(a) ब्रह्मा मन्दिर, पुष्कर
(b) त्रिपुरा सुंदरी, बांसवाड़ा
(c) रणकपुर जैन मन्दिर, पाली
(d) करणीमाता मन्दिर, देशनोक

कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) – राजस्थान के पुष्कर में स्थित ब्रह्मा मंदिर भारत में स्थित एकमात्र भगवान ब्रह्मा जी का मंदिर है। 4 मार्च, 2005 को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा इस मंदिर को राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित किया गया। राजस्थान के अलवर जिले में स्थित प्राचीन नीमराना की बावड़ी को भी राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित किया गया है।

1144. निम्नलिखित में कौन-सा पर्यटक स्थल कोटा जिले में स्थित नहीं है?

(a) मुकुंदरा हिल्स राष्ट्रीय उद्यान(b) किशोर सागर
(c) नवल सागर (d) कोटा बैराज

कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) – राजस्थान के बूँदी जिले में नवल सागर झील एक प्रमुख पर्यटक स्थल है। यह तारागढ़ किले के पास है। शेष तीनों (मुकुदरा हिल्स राष्ट्रीय उध्यान, किशोर सागर एवं कोटा बैराज) कोटा जिले में स्थित है। कोटा बैराज चम्बल नदी पर बना है।

1145. राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिलें में प्रसिद्ध स्थान मण्डलगढ़ स्थित है?

(a) चित्तौड़गढ़ (b) भीलवाड़ा
(c) बूंदी (d) उदयपुर

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) – मण्डलगढ़ राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में स्थित है। इसे मेवाड़ का प्रवेश द्वार कहा जाता है। यहाँ का किला शांकभरी के चौहानों द्वारा 12वीं सदी में बनवाया गया है।

1146. नौ मंजिला के विशाल ''कीर्ति-स्तम्भ'' को राणा कुम्भा ने अपने किस उपास्यदेव को समर्पित किया है?

(a) शिव (b) हनुमान
(c) राम (d) विष्णु

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा- 2020

Ans. (d) – नौ मंजिला विजय स्तंभ (कीर्ति-स्तम्भ) राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में स्थित है। इसका निर्माण महाराणा कुंभा ने सारंगपुर के युद्ध (1437) में मालवा शासक महमूद खिलजी को हराने के उपलक्ष्य में करवाया था। यह स्तंभ विष्णु को समर्पित है। इसकी ऊँचाई122 फीट है। फर्ग्युसन ने इसे 'कलात्मक रूचि की अभिव्यक्ति' कहा है।

1147. 'वीरों के स्मारक स्तम्भ' स्थान कहाँ पर स्थित हैं-

(a) नवलगढ़ (b) गलियाकोट
(c) भचूंडला (d) महनसर

JEN Mechanical Diploma 21.8.2016

Ans. (c) – वीरों के स्मारक स्तम्भ भचूंडला (प्रतापगढ़) में स्थित है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण प्राचीन स्मारक एक पुरातात्विक स्थल और अवशेष अधिनियम-1958 ई. के अधीन राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों, स्थलों तथा अवशेषों का संरक्षण करता है।

1148. 'घूंघट, गूगड़ी, बांदरा, इमली' क्या हैं-

(a) तारागढ़ अजमेर के प्राचीर के विशाल बुर्जों के नाम
(b) मारवाड़ की लोक परम्परा में जातियों के गोत्रों के नाम
(c) मेवाड़ आंचलिक में स्त्रियों के पहनाये के नाम
(d) राजस्थानी खान-पान को विधियों के नाम

JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016

Ans. (a) – 'घूंघट, गूगड़ी, बांदरा, इमली' तारागढ़ अजमेर के प्राचीर के विशाल बुर्जों के नाम हैं। तारागढ़ किला अजमेर राजस्थान में स्थित है। इसका निर्माण 1113 ई. में राजा अजयपाल चौहान के शासन काल में किया गया था। इस किले में तीन प्रवेश द्वार है, जिन्हें लक्ष्मी पोल, फूटा दरवाजा और गगुड़ी की फाटक के नाम से जाना जाता है। लक्ष्मी पोल को पहला या बड़ा दरवाजा कहा जाता है।

1149.राजस्थान के किस जिले में एक युद्ध संग्रहालय की स्थापना की गई है जिसका हाल ही में उद्घाटन किया गया था?

(a) जोधपुर (b) जैसलमेर
(c) बाड़मेर (d) सिरोही

उत्तर – (b)

RPSC RAS/RTS 2015

व्याख्या – युद्ध संग्रहालय की स्थापना राजस्थान के जैसलमेर जिले में की गई है।